हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025

04 जल्द शुरू होगी नपा की अस्थाई गोशाला...



07 मुनिश्री का आशीर्वाद एक माह से हम बिन रुके...





## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए छात्र 15 तक रजिस्ट्रेशन कराएं

**विदिशा।** पॉलिटेक्निक कॉलेज सिरोंज में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए संस्था स्तरीय काउंसलिंग जारी है। काउंसलिंग 10वीं पास एवं गणित के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा आईटीआई उत्तीर्ण हेतु द्वितीय वर्ष में प्रवेश 15 सितंबर तक एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार बढ़ा दी गई है। प्रवेश के लिए विद्यार्थी 19 अगस्त से 15 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद 22 अगस्त से 15 सितंबर को संस्था में उपस्थित होकर अपनी इच्छानुसार ब्रांच में एडमिशन ले सकते हैं। संस्था में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी एम पी ऑनलाइन https:// dte. mponline.gov.in/ के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं अथवा संस्था की https://www.gpc-sironj.in/ पर विजिट करके आवश्यक जानकारी ले सकते हैं। अधिक जानकारी में लिए 8319034281, 8982897470 इन नंबरों पर कॉल करें।

### छात्रों के लिए विशेष आधार कैंप आयोजित

**विदिशा।** जिले के चयनित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए विशेष आधार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के हायर सेकंडरी, हाई स्कूल में 14 से 17 आयु वर्ग के छात्र छात्राओं के आधार बनाने एवं अपडेट करने 27 अगस्त से 30 सितंबर तक केम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक विकासखंड में 8 स्कूलों को आधार केम्प स्थल बनाया गया है। प्रत्येक स्कूल में आधार कैंप 7 दिवसीय होगा। जिले में कुल 56 चयनित शालाओं में आधार केम्पों का आयोजन किया जाना है। जिसमें 93 हजार 527 छात्र छात्राओं का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट का लक्ष्य है।

### फसलों की जांच की करने पहुंचे अधिकारी

**विदिशा।** जिले में गिरदावरी सत्यापन का कार्य युद्ध गति से जारी है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में बासौदा एसडीएम विजय राय ने गिरदावरी के तहत सोयाबीन और मक्का की फसलो के खेतो में पहुंचकर सारा एप के माध्यम से वास्तविक गिरदावरी का सत्यापन करते हुए जानकारियां दर्ज की है। उन्होंने बताया कि ग्राम कंजना हलका नम्बर 39 में किसान प्रकाश दांगी का खसरा नंबर 56 में सोयाबीन फसल का तथा भू-स्वामी धन सिंह सिलावट खसरा नंबर 27/4 में मक्का फसल की गिरदावरी की है।

### अवंती बाई के जन्मोत्सव पर निकाली तिरंगा यात्रा

**ग्यारसपुर।** वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी के जन्मोत्सव पर तिरंगा यात्रा निकालकर पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्यारसपुर राज परिसर बाईपास से हुई, जो मुख्य मार्ग होते हुए तहसील कार्यालय के पास मुकेश सोनी के घर से स्वागत होते हुए माला देवी मंदिर तक पहुंची। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में सर्व समाज के लोग शामिल हुए। नगरवासियों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। वहीं बस स्टैंड पर जेसीबी मशीन से फूलों की वर्षा कर उत्साह बढ़ाया गया।माला देवी मंदिर परिसर में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया और वीरांगना अवंती बाई के शौर्य, साहस एवं 1857 की क्रांति में उनके बलिदान को याद किया गया। क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी की मौजूदगी में तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। इस अवसर पर लोधी समाज एवं अन्य समाजों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोधी समाज के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष रजनी बृजेश लोधी, जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, जिला पंचायत सदस्य दीक्षा भारतीय लोधी, गायत्री नरेंद्र रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, प्रताप सिंह रघुवंशी, महामंत्री शिवराज रघुवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, दीपक रघुवंशी, मोहर सिंह लोधी, देवा लोधी, भागवत लोधी, सुल्तान लोधी, शुभम लोधी आदि शामिल हुए। कार्यक्रम ने न केवल वीरांगना के योगदान को याद किया बल्कि समाज को एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## बेखौफ होकर जहां मर्जी वहां बैठकर शराब पीने वालों पर हुई कार्रवाई

# पुलिस ने की होटलों, ढाबों की जांच शराबियों को दौड़ा- दौड़ाकर भगाया

**शुक्रवार की देर शाम पुलिस एक्शन में आ गई। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की शराब दुकानों के आसपास बैठकर शराब पी रहे शराबियों को पुलिस ने दौड़ दौड़ा कर भगाया। वहीं होटलों, ढाबों की भी जांच की गई। इंडस्ट्रियल एरिया में शराब के नशें में हत्या होने के बाद पुलिस की यह पहली कार्रवाई है। सिविल लाइन क्षेत्र में होटलों और ढाबों पर खुलेआम शराब पिलाई जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शुक्रवार की शाम पुलिस ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शेरपुरा स्थित मछली मार्केट, पीतलमिल, इंडस्ट्रीज एरिया, अहमदपुर रोड, चुंगी नाका, पुरनपुरा शराब दुकान के आसपास पैदल भ्रमण किया।

इस दौरान शराब दुकानों के आसपास बड़ी संख्या में लोग बेधड़क और बेखौफ होकर यहां वहां बैठकर शराब पीते दिखाई दिए उन्हे पुलिस ने दौड़- दौड़ा कर भगाया। इंडस्ट्रियल एरिया में विगत दिनों शराब के नशे में एक व्यक्ति की हत्या तक की जा चुकी है। रात के समय यहां सैकड़ों की संख्या में लोग बैठकर शराब पीते हैं। पुलिस की टीम ने होटलों और ढाबों की भी जांच की। बायपास पर संचालित अधिकतर होटलों और ढाबों पर शराब पिलाई जा रही है। विगत दिनों बायपास स्थित शराब दुकान के पास सृष्टि रेस्टोरेंट के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब भी जब्त की थी। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान शराबी भागते नजर आए।



विदिशा। सिविल लाइन क्षेत्र में कार्रवाई करने पहुंचे पुलिस के अधिकारी।



विदिशा। इंडस्ट्रियल एरिया में शराबियों को भगाते हुए पुलिस के जवान।

इधर सरकार ने सभी आहते बंद कर दिए हैं। इसके बाद भी शराब दुकानों के अंदर ही आहते चल रहे हैं, लेकिन इन पर कार्रवाई नहीं की जाती। जबकि यह सभी आहते नियम विरुद्ध संचालित किए जा रहे हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अवैध तरीके से शराब बेचने के मामले में भी नंबर वन है। शेरपुरा स्थित मछली मार्केट में आधी रात तक शराब बेची जाती है। यहां अन्य नशीले पदार्थों का भी विक्रय किया जाता है। यहां भी आए दिन झगड़े होते रहते हैं। वहीं पूरनपुरा की शराब दुकान के पीछे भी अघोषित आहता संचालित किया जा रहा है। यहां खाली पड़े मैदान में सैकड़ों की संख्या में लोग खुले मैदान में बैठकर शराब पीते दिख जाएंगे। पुलिस की इस कार्रवाई से अब ऐसे लोगों में हड़कंप मच गया है। शहरवासियों का कहना है कि दोनों थानों की पुलिस को अपने अपने क्षेत्र में कम से कम महीने में एक बार इस तरह की कार्रवाई करना चाहिए। जिससे यहां वहां बैठकर शराब पीने वाले लोगों में पुलिस का डर हो। कार्रवाई न होने के कारण शराबी बेखौफ होकर बीच सड़क पर ही खड़े होकर शराब पीने लगे हैं। ऐसे में आम लोगों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शराब के नशे में आए दिन शहर में जगह जगह विवाद की स्थिति निर्मित होती है। वहीं परिवारों में भी आपसी विवाद बढ़ते जा रहे हैं।

# चोरी के शक में छोटे भाई ने बेटे के साथ मिलकर बड़े भाई को बेरहमी से पीटा



विदिशा। बाप और बेटे दोनों ने मिलकर पीट- पीटकर अधमरा कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी

- आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस से धक्का मुक्की।

गुरुवार की रात दो सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। छोटे भाई रामस्वरूप कुशवाह ने अपने बेटे के साथ मिलकर बड़े भाई खिलान कुशवाह पर हमला कर दिया। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया।

लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रामस्वरूप ने आरोप लगाया कि खिलान ने उनके घर से रुपए चोरी किए हैं। पुलिस आरोपी रामस्वरूप को गिरफ्तार करने घर पहुंची तो महिलाओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। महिलाओं ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया। आरोपियों को पकड़ने के प्रयास में उनके परिजनों ने पुलिस का विरोध करते हुए धक्का-मुक्की की। बावजूद इसके पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस पर महिला के साथ बदसलूकी का आरोप लगा है। जिस पर प्रधान आरक्षक समंदर सिंह यादव को लाइन अटैच कर दिया गया है। थाना प्रभारी जय कुमार सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो को जांच के लिए भेजा गया है।

# 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार इनवर्टर व बैटरी जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

लटेरी पुलिस ने चोरी के एक मामले में 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फरियादी रवि कुशवाह निवासी वार्ड 13 लटेरी ने थाना लटेरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी ऑनलाइन कम्प्यूटर की दुकान से अज्ञात चोर ताला तोड़कर इनवर्टर एवं बैटरी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। राकेश पिता रामबाबू अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड एक मलनियां रोड, अगरिया बस्ती, थाना लटेरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## मैराथन दौड़: 308 धावकों ने पंजीयन कराया

**विदिशा।** नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ पर प्रदेश में 31 अगस्त तक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम किए जाएंगे। जिला स्तरीय नशामुक्त समिति ने रविवार 24 अगस्त की सुबह 6 बजे से आरटीओ ऑफिस से उदयगिरी व वापसी आरटीओ ऑफिस तक मैराथन का आयोजन किया है। सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक व जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन ने बताया कि मैराथन दौड़ में शामिल होने के लिए 308 धावकों के द्वारा पंजीयन कराया है। जिसमें 250 पुरूष व 58 महिलाएं शामिल हैं। अन्य जिलों के 49 धावकों ने भी विदिशा जिले की मैराथन दौड़ में शामिल होने पंजीयन कराया है। जिसमें 36 पुरूष व 13 महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा विदिशा शहर के निकाय व ग्रामीण क्षेत्रो में ऑनलाइन पंजीयन कराया गया है। विदिशा में 198 धावकों में 158 पुरूष व 40 महिला, बासौदा में दो पुरूष, कुरवाई में एक पुरूष, लटेरी में एक महिला, शमशाबाद में कुल 9 में से 7 पुरूष 2 महिला के द्वारा पंजीयन कराया गया है। 15 से 35 आयु वर्ग के कुल 256 धावक हैं। जिसमें पुरूष 206 व महिला 50 शामिल हैं। जबकि 36 से 50 आयु वर्ग में 38 के द्वारा पंजीयन कराया गया है। उनमें 32 पुरूष व छह महिला शामिल हैं। इसके अलावा 50 आयु वर्ग से अधिक के कुल 14 धावकों ने पंजीयन कराया है जिसमें दो महिला व 12 पुरूष शामिल हैं।

# मेहलुआ चौराह की गोपाल गोशाला में लगे आठ सीसीटीवी कैमरे, मोबाइल से निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



- आठ सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी की जा सकेगी।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर गोशाला में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके लिए जिपं सीईओ द्वारा बाकायदा आदेश जारी कर गोशालाओं की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने ताकिद किया गया है। निर्देशों के पालन में श्री गोपाल गोशाला ग्राम पंचायत मेहलुआ चौराह में 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इस व्यवस्था के बाद संपूर्ण गोशाला को किसी भी स्थान से मोबाइल पर कनेक्ट कर देखा जा सकेगा। कैमरों से गोशाला में कार्यरत कर्मचारियों की गतिविधियों पर निगरानी, चोरी की रोकथाम एवं 24 घंटे संभव होगी। गौशाला समिति ने इस कदम को गौशाला प्रबंधन में पारदर्शिता एवं सुरक्षा की दिशा में उचित कदम बताया। गोशाला समिति के सदस्यों का कहना है कि यह निर्णय गोशाला की सुरक्षा व बेहतर संचालन के लिए अत्यंत सराहनीय है।

### शनि मंदिर पर आज महाआरती, हवन होगा

**विदिशा।** आज शनैश्चरी अमावस्या पर बेतवा तट स्थित शनि मंदिर पर अभिषेक पूजन एवं महाआरती होगी। वहीं हवन में आहूतियां दी जाएंगी। इस दिन दान, पुष्य, हवन कर्म करें। तेल शनि महाराज को चढ़ाएं इससे घर परिवार में सुख शांति आती है एवं मनोरथपूर्ण होते हैं। इस दिन शनि दान सामग्री, कम्बल सुवर्ण, लोहा, सप्त धातु, अन्न, वस्त्र, तेल, द्रव्य, दान, शनि निशान का बड़ा महत्व है। सात प्रकार के अनाज, तुलादान कायापलट तुलादान, लोहा तुलादान 1 गुना से 3 गुना तक दान करने से सभी दुख बीमारियां दूर होती हैं। कायापलट होकर समस्याओं का निराकरण होता है। पुजारी राधेलाल जोशी ने शनैश्वरी अमावस्या पर शनि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि नदी के अंदर किसी भी प्रकार की गंदगी न करें न ही कपड़े, जूते या अन्य कोई सामग्री डालें।

# पुस्तक मेला का शुभांरभ आज बच्चों के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- पुस्तक मेले में प्रवेश पूर्वता निशुल्क होगा।

पुस्तक मेला का आयोजन 23 से 29 अगस्त तक ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक किया जा रहा है।

जिले में इस तरह का पहला पुस्तक मेला है, जिसमें संपूर्ण भारत के 50 प्रकाशक अपनी पुस्तकों का स्टाल ऑडिटोरियम भवन में लगाएंगे। मेले में प्रवेश पूर्णता निशुल्क होगा, सभी वर्ग व आम जनमानस के लिए खुला रहेगा। मेले में स्कूल के बच्चों के लिए प्रतिदिन बाल गतिविधि सुबह 10 बजे से 10.45 बजे तक प्राथमिक व 11 बजे से 11.45 बजे तक माध्यमिक विद्यालय के लिए आयोजित की जाएंगी। जिसमें रचनात्मक व कलात्मक गतिविधियां होगी। रोज शाम 5 से 8 बजे तक सांस्कृतिक संध्या जिसमें देशभक्ति गान बच्चों के लिए क्विज, वाद विवाद, साहित्यिक परिचर्चा आयोजित की जाएंगी। जिसमें विदिशा के स्थानीय साहित्यकार और प्रबुद्धजन अपने विचार रखेंगे। पुस्तक मेले में स्थानीय लेखकों को बढ़ावा देने के लिए भी एक स्टाल अथॉरिटी ऑफ विदिशा का भी लगाया जा रहा है।

### सांप के डंसने से 20 वर्षीय युवती की मौत



**विदिशा।** बासौदा तहसील के ग्राम उकायला में सांप के डंसने से 20 वर्षीय युवती की मौत हो गई। युवती को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन युवती के शव को झड़वाने देव स्थान पर ले गए। ग्राम उकायला में 20 वर्षीय रोशनी कुशवाह कमरे के अंदर कंडे लेने जा रही थी जहां सर्प मौजूद था। उसने रोशनी को डंस लिया। परिजनों ने बताया कि देवस्थान पर उसे झड़वाने के लिए ले जा रहे हैं उसके बाद भी अगर कुछ नहीं होता तो पीएम कराने मेडिकल कॉलेज वापस आ जाएंगे।

# सियासी-सीहोद के बीच पुलिया क्षतिग्रस्त

- एसडीओ ने स्वीकार किया पुलिया की हालत खस्ता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



पुलिया के पास गहरा गड्ढा होने के कारण वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होने की आशंका है।

ग्यारसपुर के ग्राम सियासी और सीहोद के बीच प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़क की पुलिया बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया के दोनों ओर बड़े-बड़े गड्ढे बनने से दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई लोग गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन विभाग अभी तक मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र सुधार कार्य नहीं हुआ तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में जब प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के एसडीओ से बात की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि सड़क और पुलिया की स्थिति खराब है। उन्होंने बताया कि जिस ठेकेदार ने निर्माण कार्य किया था उसकी गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है, इसलिए अब नए टेंडर से मरम्मत कराना होगी। हालांकि विभाग की जिम्मेदारी है कि कहीं भी सड़क या पुलिया क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल सुधार कराया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द निरीक्षण कर मरम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## एसएटीआई में सम्राट उदय-2025 का गरिमामय समापन हुआ

# जीवन चुनौतियों से भरा है, अपनी बात कहना सीखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम सम्राट उदय-2025 कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ।

समापन पर एसपी रोहित काशवानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वे माता-पिता की छत्रछाया से निकलकर कॉलेज जीवन की नई यात्रा शुरू कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि अकादमिक्स के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक व खेलकूद गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, लेकिन पढ़ाई की कीमत पर कोई समझौता न करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि जीवन चुनौतियों से भरा है, इसलिए अपनी बात कहना सीखें। जो नहीं जानते उसे बिना झिझक पूछें। कोर सब्जेक्ट में महारथ हासिल करें, साथ ही सोशल स्किल्स भी विकसित करें। अच्छे इंसान और जागरूक नागरिक बनना ही असली उपलब्धि है। श्री काशवानी ने अपने कॉलेज जीवन और अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि हॉबी को पेशन बनाने का यह सबसे उपयुक्त समय है। उन्होंने नशे से दूर रहने और खेलों में सक्रिय भागीदारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही बताया कि पुलिस विभाग, एसएटीआई विद्यार्थियों के साथ मिलकर ट्रैफिक ऐप डेवलपमेंट तथा फॉरेंसिक साइंस व साइबर सिक्योरिटी विषयों पर इंटर्नशिप कार्यक्रम चला रहा है। इस अवसर पर एसएटीआई निदेशक डॉ. वाय.के. जैन ने छात्रों को अध्ययन और नवाचार पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर का शुभकामना संदेश भी वाचन किया गया।समापन अवसर पर सरस्वती वंदना, स्वागत भाषण, पाँच दिवसीय आयोजन का विवरण तथा विद्यार्थियों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्रस्तुत की गईं। आभार प्रो. शीना कुमार ने किया ने माना। इस दौरान डीन अकादमिक डॉ. आलोक जैन, डीन आरएंडडी डॉ. जीतेंद्र पाराशर सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।




विदिशा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एसपी रोहित काशवानी।

### करणी सेना तहसील कार्यकारिणी का गठन हुआ, बैठक में सामाजिक उत्थान पर चर्चा की

**हरिभूमि न्यूज. पठारी।** करणी सेना परिवार तहसील पठारी द्वारा गुरुवार को बालाजी धाम, बड़ोह में बैठक आयोजित की गई। कार्यकारिणी के गठन के बाद नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष संजय सिंह चौहान एवं करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक में समाज की एकजुटता के महत्व पर विशेष रूप से बल दिया गया। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि केवल आपसी एकता और सामंजस्य से ही समाज अपने सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक उत्थान की दिशा में सार्थक कदम बढ़ा सकता है। समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, संस्कार, आपसी सहयोग, तथा समाज हित के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2831
उच्चतम भाव-3372
सुजाता
न्यूनतम भाव-2538
उच्चतम भाव-2755
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2560
उच्चतम भाव-2560
चना
न्यूनतम भाव-4010
उच्चतम भाव-6091
मसूर
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7500
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3150
उच्चतम भाव-3386
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2110
उच्चतम भाव-4875
सरसों
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6870
मूंग
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-7250
धान
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-2260
उड़द
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6180
बटरी
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5023 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### कार पुलिया में बही, सवार सुरक्षित निकाले



**गंजबासौदा।** नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर अम्बानगर के पास ग्राम कुरावद के पास खड़िया नाले की पुलिया में पानी अधिक होने के दौरान एक कार चालक ने कार को पुलिया से निकालने का प्रयास किया। इस दौरान कार नाले के तेज बहाव में बह गई। कार में बैठे सभी लोगों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएचओ किरवाया टीकाकरण करने अपनी निजी कार से जा रहे थे। इस दौरान डॉ. प्रवेश श्रीवास्तव एवं साथियों को वहां मौजूद ग्रामीण दीपक कुमार कुशवाह, भारत राजपूत, दीपक विश्वकर्मा एवं गांव के अन्य लोगों ने डूबती कार से बाहर निकाला।

### नाले में बहे ग्रामीण का शव मिला

**गंजबासौदा।** ग्राम ककरावदा निवास कल्लू आदिवासी नाला पार करते समय बह गया था। जिसका शव गत दिवस पुलिस बरामद कर परीक्षण उपरांत परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम किया है।

# यूरोप में सत्संग व कथा करेंगे अभिषेक कृष्ण शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



निरंतर सनातन धर्म के विस्तार को संकल्पित राष्ट्र गौरव 2008 से सम्मानित भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री 23 अगस्त से 21 सितम्बर तक लगभग यूरोप यात्रा पर रहेंगे। नगर के सुप्रसिध्द कथा वाचक डॉ अभिषेक कृष्ण शास्त्री इस यात्रा के अंतर्गत यूरोप के कई देशों में कथा एवं सत्संग के आयोजन सम्पन्न कराएंगे। इस यात्रा क्रम में स्विट्जरलैंड के ज्यूरीक, फ्रांस में पेरिस, नीदरलैंड में एम्सटर्डम एवं ऐंधोवेन, डेनमार्क, जर्मनी, बेल्जियम आदि देशों में शिव कथा, श्री राम कथा, श्री हनुमत चरित्र, भक्तिमति मीरा, नवधा भक्ति ,गोपी गीत, श्री मद्भगवत गीता आदि विषयों पर प्रवचन करेंगे। पिछले वर्ष दुबई यू.ए.इ. एवं सिंगापुर में भी कथा के माध्यम डाक्टर अभिषेक शास्त्री निरन्तर नगर का गौरव पूर्व में भी कई देशों में बड़ा चुके हैं। वर्तमान में उनके द्वारा गोवर्धन उत्तर प्रदेश में वेद विद्या के संरक्षण एवं संवर्धन की भावना से वेद विद्या संस्थान का संचालन एवं विविध निःशुल्क कोचिंग सेंटर सेवा बस्तियों में चला रहे हैं। उनके मित्रों एवं नगरवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## बनवा में अस्थाई गौशाला के लिए चल रहा है कार्य, एसडीएम ने किया निरीक्षण

# जल्द शुरू होगी नपा की अस्थाई गौशाला,गौवंश को मिलेगा आश्रय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगर में घूम रहे लावारिस गौवंश को अब शीघ्र ही सुरक्षित आश्रय मिलने जा रहा है। इसके लिए नपा द्वारा ग्राम बनवा में करीब छह बीघा भूमि पर अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है और आगामी एक सप्ताह में गौशाला निर्माण पूरा होकर उसमें गौवंश को रखा जा सकेगा। शुक्रवार को गौशाला निर्माण का एसडीएम विजय राय ने सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि नगर में लंबे समय से लावारिस गौवंश परेशानी का कारण बने हुए हैं। इन गौवंशों से सडक दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहीं आपस में लडते गौवंशों के कारण नागरिक घायल हो जाते हैं और वाहन एव दुकान भी क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। कई बार प्रशासन द्वारा गौवंशों को शासन द्वारा बनवाई गई गौशालाओं में रखने की कोशिश की गई, लेकिन गौवंश को आश्रय नहीं मिल सका। इसके बाद एसडीएम विजय राय के निर्देश पर नपा को बनवा में करीब छह बीघा भूमि अस्थाई गौशाला के लिए उपलब्ध कराई गई। जिस भूमि पर नपा ने तार फेंसिंग की बाउंड्री कराकर उसमें 100 गुणा 40 फीट का विशाल टीनशेड तैयार करवा दिया है। साथ ही मवेशियों के चारे के लिए खनौटे बनवाए गए हैं और वहां पानी की टंकी भी तैयार करवा दी गई है। सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने बताया कि अस्थाई गौशाला में निर्माण लगभग पूरा हो गया है और अब प्लास्टर होना शेष है। साथ ही कुछ स्थान पर सीसीकरण भी कराया जाना है।

अगले एक सप्ताह में यह काम पूरा कर लिया जाएगा और उसके बाद आगामी दो माह के लिए नगर में लावारिस घूम रहे गौवंश को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाएगा। शुक्रवार को इस गौशाला निर्माण का एसडीएम विजय राय, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, नपा इंजीनियर नरेन्द्र सिंह चौहान ने निरीक्षण किया और निर्माण एवं व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। गत दिवस वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, पार्षद राहुल ठाकुर, संजय भावसार, इंजीनियर नरेन्द्र सिंह चौहान आदि ने भी गौशाला निर्माण का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया था। उधर इस गौशाला के निर्माण के बाद नगर में लावारिस घूम रहे गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिल सकेगा।

इस संबंध में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव का कहना है कि नपा की अस्थाई गौशाला में लावारिस मवेशियों को रखा जाएगा। जिनके चारे एवं भूसे की व्यवस्था नपा एवं जनसहयोग से की जाएगी। उन्होंने नगर के समाजसेवियों से भी सहयोग की अपील की है।

# नपा ने खुदवाई अस्थाई नाली जेल रोड से कराई जलनिकासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राजेंद्र नगर क्षेत्र में जेल रोड पर एमपीआरडीसी द्वारा सड़क निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन नाली निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे गत दिवस तेज बारिश में इस मार्ग पर जलभराव हो गया था और रहवासियों ने प्रदर्शन किया था। जिसे एसडीएम विजय राय के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया।

शुक्रवार को एसडीएम विजय राय ने एमपीआरडीसी के इंजीनियर, नपा इंजीनियर नरेन्द्र चौहान, उपयंत्री मोहिनी कोरी के साथ मौके का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने एमपीआरडीसी के इंजीनियर को स्थिति से अवगत कराते हुए नाली निर्माण कराने को कहा। जिस पर एमपीआरडीसी के इंजीनियर ने बारिश बाद यू शेप में नाला निर्माण करने की बात कही। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर नपा ने जेल रोड पर अस्थाई नाली निर्माण एवं नाली गहरीकरण कराते हुए वहां से जलनिकासी कराई।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया



**गंजबासौदा।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर गांधी चौक सेवा समिति द्वारा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी चौक क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी ने बताया कि विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस हर साल 21 अगस्त को वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को स्वीकार करने और वैश्विक स्तर पर उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं, बुजुर्गों के आशीर्वाद से घर परिवार में खुशियां आती हैं। बुजुर्गों का हमको एहसान मानना चाहिए कि उन्होंने खून पसीने की मेहनत करके देश को उन्नति पर लेकर आए हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद हम सब के ऊपर हमेशा रहना चाहिए। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले ,दिनेश दंडोतिया, डॉ अशोक रोहिले, डॉ सुरेश अग्रवाल , संतोष पौराणिक, संतोष शर्मा ,मानक लाल प्रजापति ,सुरेश ऐलिया, राजू शर्मा, धन्ना भैया, छोटे लाल नामदेव, कंछेदी लाल नेमा, सीताराम नामदेव आदि वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अनिल दुबे, योगेश त्रिवेदी, नीरज यादव, अटटू सोनी, दीपक पाराशर, लाला राम रघुवंशी ,सोनू यादव, अर्पित सेन, अमित नेमा आदि मौजूद थे।

# नि:शुल्क हृदय एवं हड्डी रोग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




लायंस क्लब द्वारा नोबल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल एवं कार्डियक सेंटर भोपाल के चिकित्सकों के सहयोग से निशुल्क हृदय एवं हड्डी रोग शिविर का आयोजन स्थानीय मानस भवन पुराना मेला ग्राउंड पर आयोजित किया गया। शिविर में भोपाल से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश रामटेक, डीएम कार्डियो, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नरेंद्र सिंह ऑर्थोपेडिक कंसलटेंट और उनके सहयोगी डॉक्टरों की टीम द्वारा रोगियों का निशुल्क परीक्षण किया गया। जिसमे समाजसेवी कांति भाई शाह, रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी एवं सतपाल तनवानी ने कार्यक्रम का शुभारंभ सर जॉन मेलविन को माल्यार्पण कर किया।

शिविर में 11 बजे से शाम 5 बजे तक बिना रुके डॉक्टर और उनकी एक्सपर्ट टीम ने जांच की। उपरोक्त जानकारी शिविर सहयोगी दल लायंस क्लब की नेत्र रोग कॉर्डिनेटर विनीता गोयल द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि इस शिविर में 327 लोगों का परीक्षण किया गया। जिसमे 173 हृदय रोग से पीड़ित लोगों की जांच की गई एवं 154 ऑर्थोपेडिक से सम्बंधित जांच की गई। करीब 50% मरीज ऐसे थे जिन्होंने दोनों ही तरह के डॉक्टर से चेकअप कराया। शिविर में एमपी के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश रामटेक, और उनकी एक्सपर्ट टीम ने ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी, इको, जैसी महंगी जांच निशुल्क कीं। शिविर में 131 लोगो की ईसीजी की गई। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नरेन्द्र सिंह की टीम ने मरीजों की समस्या को सुना देखा। जिसमे घुटनों में दर्द, कमरदर्द, फ्रोजन शोल्डर को उनकी समस्या अनुसार निदान बताये, व्यायाम और दवाई बताई। क्लब अध्यक्ष विजय अरोरा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल सभी डॉक्टर और टीम का स्वागत क्लब की कोषाध्यक्ष आशा अग्रवाल, आरती गर्ग, मनीषा गोयल, निक्की गर्ग, नीलम रघुवंशी, चन्द्रकान्ता नामदेव, साधना श्रीवास्तव, सुनीता अरोरा द्वारा शॉल श्रीफल से किया गया। शिविर को सफल बनाने में विभिन्न संस्थाओं से जुड़े सदस्यों सुनील बाबू पिंगले, डॉ. भार्गव, दीपक तिवारी, मनोज गोयल, ललित रघुवंशी मौजूद थे।

## सेंट एसआरएस स्कूल में हुआ सेमिनार का आयोजन

# अंतरिक्ष हमें सिखाता है कोई सपना बड़ा नहीं होताः यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेंट एसआरएस स्कूल के सभागार में आयोजित सेमिनार में इसरो वैज्ञानिक डीपी यादव ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों, अंतरिक्ष हमें सिखाता है कि कोई भी सपना बड़ा नहीं होता। अगर आप मेहनत, अनुशासन और लगन से काम करेंगे, तो आप भी आने वाले दिनों में वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर या जिस क्षेत्र में चाहें, वहाँ नई ऊँचाइयाँ छू सकते हैं।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आप सब के बीच आकर मुझे बहुत गर्व और प्रसन्नता हो रही है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में कितनी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की हैं। हमारे देश के वैज्ञानिकों ने कड़ी मेहनत और समर्पण से चंद्रयान, मंगलयान और कई उपग्रह मिशन पूरे किए हैं। ये केवल वैज्ञानिक उपलब्धियाँ नहीं हैं, बल्कि हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। यह बात भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान बंगलौर के युवा वैज्ञानिक धर्वेन्द्र यादव ने स्कूल के कक्षा 11 व 12 के विज्ञान के छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने छात्रों को मोटीवेट करते हुए कहा कि आप सभी भारत का भविष्य हैं।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सब बच्चे और शिक्षक परिवार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर यह संकल्प लें कि हम अपने सपनों को कभी छोटा नहीं मानेंगे और मेहनत व समर्पण, और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए अपने देश का नाम रोशन करेंगे । कुछ लोग सफलता तो पाना चाहते हैं किंतु सही दिशा में कम नहीं उठाते ,थोड़ा सा उठाते भी हैं फिर रुक जाते हैं इससे रास्ता तैयार नहीं होता। हमें प्रतिदिन लगातार कड़ी मेहनत करनी होगी तभी हम सर्वोच्च पद एवं अन्य ऊंचाइयां पा सकते हैं। आज इसरो ने जो मिशन पूर्ण किए हैं, उनमें बहुत ही कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। अगर हमें कहीं असफलता मिली है,तो उनको हमने नोट डाउन किया है तत्पश्चात पुनः सफलता प्राप्त करने के लिए उसी में जुट गए हैं। उसका परिणाम आज आपके सामने है। मैं बस आप से यही कहना चाहूंगा, कि आप लगातार कुछ समय निकालकर पढ़ाई करते रहें, सफलता निश्चित मिलेगी। लगातार अभ्यास से हर कार्य संभव हो जाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार कड़ी मेहनत करने की शपथ भी दिलाई। संस्था की काउंसलर संघमित्रा यादव ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। सेमिनार में संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, डॉ विजय कुमार जैन, विज्ञान शिक्षिका एवं कॉर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल, व्याख्याता दिनकर कद्रे सहित शिक्षक परिवार मौजूद रहा।

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स अंबानगर**
**पंजीयन क्र 413/12.02.1962 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति अंबानगर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 10/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन अंबानगर पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — गिरीश दुबे

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स फूफैर**
**पंजीयन क्र 410/22.07.1967 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति फूफैर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 12/09/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन फूफैर पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
सुरेश बरकडे — कप्तान सिंह यादव

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स फरीदपुर**
**पंजीयन क्र 516/25.02.1995 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति फरीदपुर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 10/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय भवन फरीदपुर पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — मनोज शर्मा

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स किरवाया**
**पंजीयन क्र 14262/14.02.1962 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति किरवाया के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 12/09/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय भवन किरवाया पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — विजय रघुवंशी

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स हरदूखेडी**
**पंजीयन क्र 412/22.10.1960 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति हरदूखेडी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 10/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 11 बजे समिति कार्यालय भवन हरदूखेडी पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — फूलसिंह राजपूत

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स खरपरी**
**पंजीयन क्र 1423/10.02.1962 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति खरपरी के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 10/09/2025 दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन खरपरी पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक मे कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — देवांश श्रीवास्तव

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स बीलाढाना**
**पंजीयन क्र 4410/10.02.1962 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बीलाढाना के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 11/09/2025 दिन गुरूवार को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय भवन बीलाढाना पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — प्रताप नारायण दुबे

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स पचमा**
**पंजीयन क्र 167/22.10.1967 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति पचमा के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 08/09/2025 दिन सोमवार को दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय भवन पचमा पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — हिनमत सिंह रघुवंशी

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स भिदवासन**
**पंजीयन क्र 308/12.03.1963 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति भिदवासन के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 11/09/2025 दिन गुरूवार को दोपहर 1 बजे समिति कार्यालय भवन ग्राम भिदवासन पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — तखत सिंह रघुवंशी

**बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति बी पैक्स आटासेमर**
**पंजीयन क्र 161/20.01.1961 दिनांक 22.08.2025**
**आम सभा सूचना**
बहुद्देशीय प्राथमिक क्रृषि साख सहकारी समिति आटासेमर के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आम सभा दिनांक 12/09/2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे समिति कार्यालय भवन आटासेमर पर रखी गयी है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में कोरम पूरा न होने पर स्थगितशुदा बैठक आधा घंटे बाद पुनः उसी स्थान पर आयोजित की जाएगी, जिसमे कोरम की आवश्यकता नहीं होगी। बैठक का एजेंडा सभी सदस्यों को डाक से भेजा गया है।
प्रशासक — प्रबंधक
योगेन्द्र सोनी — दीपक पवार

## खबर संक्षेप

### करणी सेना के प्रदेश मीडिया प्रभारी बने राव भूपेंद्र सिंह



**सिरोंज।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा राव भूपेंद्र सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि राव भूपेंद्र सिंह लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और समाज व संगठन की गतिविधियों को मीडिया तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का अनुभव रखते हैं। तो वही उनकी नियुक्ति पर समाज के विभिन्न वर्गों से उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राव भूपेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, वह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। पत्रकारिता से जुड़े अपने अनुभव का उपयोग कर मैं संगठन की गतिविधियों, विचारधारा और समाज के उत्थान के संदेशों को पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ मीडिया तक पहुचाऊंगा। साथ ही संगठन की छवि को और मज़बूती देने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। तो वही संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि राव भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में मीडिया प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएगा।

### सेना भर्तीः 569 युवाओं में से 363 दौड़ में पास

**विदिशा।** शुक्रवार से शुरू हुई आर्मी भर्ती के पहले दिन बैतूल के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। 633 उम्मीदवारों में से 569 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में शारीरिक दृढ़ता दिखाई और 363 युवाओं ने दौड़ पास की। दौड़ पास करने वाले उम्मीदवारों को शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्रवाई और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। जिला प्रशासन और सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति उत्साह देखा जा रहा है।

#### पदयात्रा के सिरोंज आगमन पर समाजजनों ने किया स्वागत, हरिभूमि से चर्चा में बोले जैन युवा-

# मुनिश्री का आशीर्वाद एक माह से हम बिन रुके, बिना थके कर रहे पदयात्रा

*1260 किमी की पदयात्रा कर मुनिश्री सुधा सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने अशोकनगर के लिए निकले महाराष्ट्र के दर्जनों जैन युवा*





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज**

मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करने के लिए महाराष्ट्र के सांगली कवठेपिरान से अशोकनगर के लिए रवाना हुए लगभग दो दर्जन जैन युवा शुक्रवार को सिरोंज पहुचें।

मिली जानकारी अनुसार यह युवा 21 जुलाई को पदयात्रा करते हुए अशोकनगर के लिए रवाना हुए थें। जैन युवाओं के सिरोंज पहुचने पर सिरोंज में एक जुलुस के रूप में डीजे के साथ युवा जैन तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पहुचें। जुलुस के दौरान पदयात्री सफेद वस्त्र धारण कर सिर पर मुनि श्री सुधा सागर महाराज के नाम अंकित टोपी पहने हुए रिमझिम बारिश में डीजे पर बज रहे सुधा सागर जी महाराज के भजनों पर युवा थिरकते हुए चल रहें थें। इस दौरान नगर के चौक-चौराहा पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पदयात्रा कर रहें जैन युवाओं का फूलो की वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

### समाजजनों ने पदयात्रियों का किया स्वागत

नगर के मुख्य मार्गो से मुनि श्री सुधा सागर जी के भजनो पर थिरकते हुए जब पदयात्री निकले तो नगर वासियो ने सभी पदयात्रियो पर फूल की वर्षा कर भव्य स्वागत किया। नगर के कोटगेट,राज बाजार, चांदनी चौक, कपडा बाजार, सराफा बाजार, कठाली बाजार, कष्टम पथ, छत्री नाका चौराहो होते हुए जैन युवाओं का जत्था नगर के आरोन रोड स्थित जैन तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पहुचा। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा भी पदयात्रियो को विशेष सहयोग प्रदान किया गया। तो वही सिरोंज जैन समाजजनों द्वारा पदयात्रियो का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। साथ ही पदयात्रियो के विशराम एंव वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई। इस मौके पर डॉ राजीव जैन बंटी, सौरभ जैन गुलाबगंज, सुनिल जैन गुरधानी, राजीव जैन सैनानी, विक्रांत गोयल, बंटी जैन अनुश्री, नीरज जैन कोटा, तोषमणी पंथी कन्ना, नितिन जैन नगर, शैलेन्द्र खोजा, अतुल जैन, संजय जैन सियलपुर, आकाश जैन, आशीष जैन चंपतिया आदि मौजूद थे।

### मुनि के आशीर्वाद से हो रहा भव्य मंदिर निर्माण

*इस अवसर पर हरिभूमि से चर्चा के दौरान युवाओं ने बताया कि मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के आर्शीवाद से सांगली कवठेपिरान में परमोदय तीर्थ क्षेत्र का निर्माण होने जा रहा है। पहले उक्त स्थान पर कोई भी जैन मंदिर नही था। लेकिन मुनि श्री की प्राणा और आर्शीवाद से भव्य मंदिर का निर्माण कार्य होने जा रहा है। आज हमें पदयात्रा करते हुए एक माह से अधिक हो गया है। मुनि श्री के आर्शीवाद से हमारी यह पदयात्रा पूरी होने में अब कुछ ही दिन शेष रह गए है। जल्द ही हम सभी अशोकनगर पहुचकर मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करेंगे। उन्होने कहा कि परमोदय तीर्थ क्षेत्र कवठेपिरान जिला सांगली महाराष्ट्र से यह पदयात्रा हम सब के आराध्य तीर्थ क्षेत्र उद्धारक तीर्थ चक्रवर्ती परम पूज्य मुनि पंगा निर्यापक श्रमण सुधा सागर जी महाराज अशोक नगर में आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु यह पदयात्रा 1260 किमी की पदयात्रा चल रही है। इस मौके पर इंद्रजीत जैन,रोहित जैन,सूरज जैन,हर्षित जैन,संवेद जैन,महावीर जैन,सम्मेद जैन,शुभम जैन,संदीप जैन,अमोल जैन,सौरभ जैन,शीतल जैन,राजनकुमार जैन,पार्थ जैन,सुनील जैन,जयकुमार जैन आदि पदयात्री मौजूद थे।*




### शनि अमावस्या पर आज होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

**रहली।** सुनार नदी के तट पर स्थित देव शनि मंदिर में शनिवार को पड़ रही शनि अमावस्या पर प्रातः काल से शनि भगवान का अभिषेक पूजन तथा 111 शनि चालीसा के पाठ भक्तों द्वारा किए जाएंगे। इसके बाद हवन पूजन संपन्न होगा । उक्त जानकारी देते हुए शनि मंदिर पुजारी पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि साइन कालीन बेला में भगवान शनि देव की भव्य आरती कन्या भोजन भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।



### रहली का सांदीपनि विद्यालय हुआ श्रीकृष्ण मय, गूंजे जय कन्हैयालाल के जयकारे

**रहली।** शासकीय सांदीपनि शास उत्कृष्ट कृषि उच्च.माध्य विद्यालय रहली में श्री राधा कृष्ण साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छोटी कक्षा के छात्र- छात्राओं ने श्रीकृष्ण व राधा के बाल स्वरूप के विभिन्न रूपों की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की। अपनी वेशभूषा में बांसुरी के साथ आये बच्चों की मधुर मुस्कान ने दर्शकों का मनमोह लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संकुल प्राचार्य विजय पचौरी ,प्राचार्य दिलीप चौबे व माध्य शाला प्रभारी संजय खरे, यतेंद्र समाधिया ने दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती व श्री बाल कृष्ण का पूजन कर किया।राधा कृष्ण बने बच्चों पर अतिथियों व शिक्षकों ने पुष्प वर्षा की गई।कार्यक्रम में कृष्ण जन्म की नाटिका प्रस्तुत की गई।गीत,प्रार्थना सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति आकर्षक व नयनाभिराम थी। कक्षा LKG से पहली तक के 94 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। राधा स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता में करुन्या पटैल, प्रियांशी, मान्या विश्वकर्मा व वैदेही रैकवार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल कृष्ण सज्जा में आयुष पटैल, अनुज व मोहित तिवारी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।। सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरुस्कार दिया गया। अपने उदबोधन में प्राचार्य चौबे ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए रचनात्मक व कलात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। शिक्षक कमलेश दुबे व संजय खरे ने भी कार्यक्रम में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नीरज नेमा ने किया।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को किया कार्य का विभाजन

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संदीप जी.आर. ने विगत दिवस प्रशासकीय कार्य की सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टरों को कार्य विभाजन किया है। कार्य विभाजन के आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर अविनाश रावत को अपर जिला मजिस्ट्रेट की हैसियत से विभिन्न अधिनियमों/ नियमों / शासन नियमों के अंतर्गत न्यायिक / अर्द्ध न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्य, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम/ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम अंतर्गत प्रकरणों का निराकरण, प्रभारी अधिकारी, जेल, पुलिस एवं होमगार्ड, कैदियों के अस्थायी छुट्टी / पैरोल संबंधित प्रकरणों का निराकरण, पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के निराकरण की समिति में नोडल अधिकारी, भू-राजस्व संहिता 1959 की विभिन्न धाराओं के तहत कलेक्टर के मूल, अपील, पुनरीक्षण अधिकारों का प्रयोग करते हुये प्रकरणों का निराकरण प्रत्येक दाल प्रकरणों में पहला कलेक्टर न्यायालय को आंतरित किया जावेगा, महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संबंधी समस्त अपीलीय अधिकार, विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रीकरण 2008 के अधीन प्रमाण-पत्र जारी करना, तहसील प्रशासन एवं राजस्व अधिकारियों के कार्य का सामान्य पर्यवेक्षण आदि सौंपे गए।

### अंकुर हायर सेकंडरी विद्यालय में संस्कृत भाषा का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सागर।** संस्कृत भाषा का अगस्त माह का एक दिवसीय प्रशिक्षण अंकुर हायर सेकंडरी विद्यालय मकरोनिया सागर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में डॉ. प्रदीप दुबे द्वारा संस्कृत पाठों के गद्यांश पद्यांश एवं प्रश्नोत्तर पर विस्तार से चर्चा की इसके साथ ही प्रश्न निर्माण कैसे करें इस पर चर्चा की गई यह संस्कृत प्रशिक्षण अगस्त माह के पाठ्यक्रम पर आधारित रहा। डा वन्दना पटैरिया द्वारा संस्कृत के धातु रूप शब्द रूप पर गतिविधि के माध्यम से बताया गया साथ ही तिमाही परीक्षा को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन कार्य कैसे करें इस पर सरलता से बताया गया गीत कहानी के माध्यम से अतिकठिन बिंदुओं को रोचकता से बताया गया।

### कारीगरों को सहायता देने पीएम विश्वकर्मा योजना

**सागर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण सर्टिफिकेट भी मिलेगा।

## हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत निशुल्क शिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शामकीय महाविद्यालय विदिशा में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन श्रीमंत माधवराव सिंधिया शामकीय जिला चिकित्सालय के सहयोग से किया गया।

शिविर में विद्यार्थियों ने भाग लेकर आई स्क्रीनिंग, ओरल स्क्रीनिंग, ब्लड टेस्ट, मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण आदि सेवाओं का लाभ लिया। छात्राओं को हीमोग्लोबिन बढ़ाने संबंधी विशेष परामर्श भी दिया गया। साथ ही विद्यार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और आभा आईडी से जोड़ा गया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप गुमा, अशोक राजपूत, इंद्रजीत धुवंशी, डॉ. सुनील जैन, राहुल मागेठिया सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विनीता वाजपेई द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुआ। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अजय सिंह हजारी ने शिविर की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए चिकित्सकों, सहयोगी संस्थाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में डॉ. मुनील जैन, डॉ. राजकुमार भीमटे, डॉ. रश्मि यादव, डॉ. बृजेश माहू, डॉ. डी.पी.एम. नरवरिया, प्रो. श्रवेता मोलंकी सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

### प्रस्फुटन समितियों को प्रशिक्षण दिया

**विदिशा।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय सांदीपनी स्कूल में बैठक आयोजित की गई। उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां का सक्रीय करण एवं माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत मिट्टी से गणेश जी की मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक समन्वयक द्वारा माटी गणेश भेंट कर अतिथियों का स्वागत करने उपरांत बैठक के विषय में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। जिला समन्वयक श्रीमती पूजा श्रीवास्तव द्वारा संस्कार केंद्र स्थापित करने एवं हर घर मिट्टी के बने गणेश जी की स्थापना एवं घर पर ही कोई शुद्ध पात्र में मूर्ति विसर्जन करना ताकि हमारा जल प्रदूषित होने से बच सके के विचार व्यक्त किए। ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को जन अभियान परिषद की परिभाषा बताते हुए प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मण सिंह बघेल द्वारा जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की सराहना करते हुए सिद्ध गणेश, माटी गणेश अभियान पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण शुद्धता का संदेश दिया गया एवं शासकीय सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य पंडित रामेश्वर शर्मा द्वारा भजन व सांस्कृतिक श्लोकों के माध्यम से प्रथम पूजनीय भगवान गणेश जी के विषय में जानकारी दी और बताया गया कि केमिकल से बने गणेश जी की स्थापना न करके हमें शुद्ध माटी गणेश की स्थापना करना चाहिए।

## कुशवाह समाज ने निकाला चल समारोह किन्नर नृत्य व झांकी आकर्षण का केंद्र



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लटेरी**

कुशवाह समाज द्वारा भगवान लव कुश जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भगवान लव कुश की झांकी तासे अखाड़ा लोगों की आकर्षण का केंद्र रहा।

कुशवाह समाज द्वारा विशाल शोभायात्रा कुशवाह समाज मंदिर से प्रारंभ हुई। लटेरी के मुख्य मार्गो से होती हुई श्याम गार्डन में भगवान लव कुश की आरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरित किया गया। वहीं नगर परिषद लटेरी द्वारा भगवान लव कुश शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह बघेल जिला मंत्री भारत सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि अत्तु भंडारी, मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुंवर बघेल, महेंद्र सिंह राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित कुशवाह, बबलू शर्मा, मलखान यादव, पवन कुशवाह, वीर सिंह बघेल एवं भाजपा के अनेक पदाधिकारी नगर परिषद के पार्षद उपस्थित रहे।

श्याम गार्डन में कुशवाह समाज के कार्यक्रम के उद्बोधन में लव कुश बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि सांसद द्वारा 10 लख रुपए की राशि की घोषणा की गई थी। इस राशि को एक वर्ष होने को है सांसद अपनी घोषणा क्यों पूरी नहीं कर रहे। ऐसे सांसद को भी कुशवाह समाज को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुशवाह समाज के मंच पर यदि आप घोषणा करते हैं तो उस घोषणा को पूरा करना चाहिए। उन्होंने कुशवाह समाज के लिए शिक्षा एवं शासन द्वारा चलाई गई योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम मंच संचालन सरदार सिंह कुशवाह ने किया। आभार मदन कुशवाह कार्यकारिणी अध्यक्ष ने माना।

## महर्षि पतंजलि व दशार्ण प्रदेश के महत्व को रेखांकित करता है विदिशाः देवलिया



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

संस्कृत गौरव दिवस के समापन समारोह में द्वितीय दिवस के कार्यक्रम पर कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के तत्वावधान में जिला शिक्षा विभाग और पं गंगा प्रसाद पाठक न्यास के सहयोग से शोध संगोष्ठी हुई। जिसमें बाहर से आए विद्वानों और स्थानीय विद्वानों ने अपने अपने शोध पत्र पढ़ें।

शोध संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रो भगवत शरण शुक्ल ने की। श्री शुक्ल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में व्याकरण शास्त्र के जन्म से मृत्यु पर्यन्त महत्व को समझाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को व्याकरण शास्त्र का ज्ञान होना ही चाहिए। जिससे वह भाषा व्यवहार को समझ सके। गोष्ठी में डॉ परमानंद मिश्र, गिरधर शास्त्री, शिवकुमार तिवारी, सुरेश शर्मा, रामनारायण मिश्र,सुरेन कुशबाह, कृष्णा शाक्यवार, आरती शर्मा आदि ने शोध पत्र का वाचन किया। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता इंदौर से पधारी प्रो श्रीमती मेहता ने की।

इस सत्र में इतिहासकार गोविंद देवलिया, प्रो सदानंद, आचार्य संतोष पंड्या, प्रो अशोक शर्मा ग्वालियर, असित कुमार, पुनीत संज्ञा आदि ने शोध पत्र पढ़े। सत्र के मुख्य अतिथि डाइट के प्राचार्य जीपी राठी थे। कालिदास अकादमी के निदेशक प्रो गोविन्द गंधे ने उपस्थित विद्वानों, अतिथियों और जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग के प्रति आभार प्रगट किया।

## वित्तपोषण पर रिजर्व बैंक का दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा**

भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के वित्तपोषण में कार्यरत बैंकर्स की क्षमता संवर्धन हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 19-20 अगस्त को विदिशा स्थित होटल सायाजी में किया गया था।

कार्यशाला का शुभारंभ भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक हेमंत कुमार सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए समग्र आर्थिक विकास में एमएसएमई क्षेत्र की महत्ता एवं इसके सुदृढ़ीकरण में बैंकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंक अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की।

भारतीय रिजर्व बैंक के सरवन एस (प्रबंधक) ने एमएसएमई वित्तपोषण में तकनीकी हस्तक्षेप, अकाउंट एग्रीगेटर, ईसी मीटिंग की भूमिका पर विस्तृत सत्र लिया। वहीं सौम्यदीप चैटर्जी (प्रबंधक) ने एमएसएमई के भारतीय संदर्भ, इसके महत्व एवं आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों की जानकारी दी।

#### आयोजन को लेकर मंदिर में चल रहीं विशेष तैयारियां

# रामदेव बाबा की दूज 25 को होंगे विशेष दर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद**

रामदेव बाबा मंदिर प्रांगण में बाबा रामदेव के जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर पं. गौरीशंकर तेनगुरिया के उपस्थिति में विशेष बैठक रखी गई।

जिसमें 25 अगस्त सोमवार को बाबा रामदेवजी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। रामदेव बाबा सेवा समिति के सचिव गोपाल माहेश्वरी ने बताया कि पिछले वर्ष बाबा रामदेव महाराज का मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। मंदिर का बहुत ही सुन्दर





रूप दिया गया है। इस जन्मोत्सव के लिए जोर शोर से तैयारी चल रही है। बेंड बाजे, आतिशबाजी, मंदिर को फूलो से श्रृंगार किया जाएगा। विभिन्न तरह की लाइट डेकोरेशन का विशेष आकर्षण रहेगा । भक्तों द्वारा श्रीनाथ जी बाबा मंदिर से रामदेव बाबा मंदिर तक दंडवत यात्रा सुबह 5 बजे निकाली जाएगी। नगर में प्रभात फेरी निकाली जावेगी सुर्यास्त के पश्चात बाबा रामदेव की 51 पंडितों द्वारा पूजा अर्चना अभिषेक के बाद महाआरती के साथ जन्मोत्सव मनाते हुए प्रसादी का वितरण किया जाएगा। बाहर से आए अतिथियों को भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गईं है।

समिति की ओर से श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि इस वर्ष के विशेष उत्सव में अवश्य पधारे। बाबा रामदेव मंदिर पर भादों की दूज पर जन्मोत्सव पर गांव गांव से श्रद्धालु झंडा लेकर डीजे, गाजे बाजे के साथ कीर्तन करते हुए मंदिर पर आते हैं। मंदिर पर रातभर भजन कीर्तन किया जाता है।

### झूलेलाल चालिहाः प्रभात फेरी निकाली गई आयोलाल झूलेलाल से गुंजायमान हुई कॉलोनी

**सागर।** सिंधी समाज का सबसे बड़ा पर्व झूलेलाल चालिहा पर्व जो 16 जुलाई से निरंतर श्रद्धाभाव के साथ चल रहा है जिसका समापन्न 24 अगस्त को होगा और 25 अगस्त को गाजे बाजे के साथ निकलेगी बहराणा साहिब की सवारी जो पुरे सिंधी कॉलोनी में घूमेगी प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया कि आज 22 अगस्त को सुबह 6 बजे से झूलेलाल मंदिर से सिंधी कॉलोनी में निकली प्रभात फेरी प्रभात फेरी लालाराम मेठवानी सुरेश मोहनानी के साथ सभी आयोलाल झूलेलाल की धूनी लगाते चल रहे थे इस मौके पर मंडली के संस्थापक लालाराम मेठवानी, अध्यक्ष सुरेश मोहनानी ने उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर महिला अध्यक्ष दिया राजपूत, भारती आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### संभागीय प्रतियोगिता में 3 छात्रों का हुआ चयन

**सिलवानी।** सीहोर में आयोजित संभागीय शाला क्रीड़ा प्रतियोगिता में मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिलवानी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में टीना जाटव का कबड्डी और नितिन जाटव का शतरंज में चयन हुआ। वहीं मिनी वर्ग में ओजस्वनी कुशवाहा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### सिरवारा में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक संपन्न

**बाड़ी।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सिरवारा में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम इट राइट स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि एवं फील्ड फैसिलिटेटर कैसर अज़ीम तथा सिद्धार्थ चौहान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवर इलियास शाह एवं अध्यापिका सीमा श्रीवास्तव भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम के उद्देश्य एवं विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही बैठक का मिनट्स नोट तैयार किया गया तथा आगामी एजेंडा पर विचार-विमर्श किया।

### बीएमओ के निरीक्षण में गायब मिले डॉक्टर

**सलामतपुर।** शुक्रवार को सांची सीबीएमओ ने सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया जिसमें अस्पताल के डॉ. रामया सक्सेना बिना बताए अनुपस्थित मिले और मरीज परेशान होते हुए पाए गए। सांची सीबीएमओ डॉ रवि प्रकाश राठौर ने बताया कि काफी दिनों से सलामतपुर और दीवानगंज अस्पताल में डॉक्टरों के अनुपस्थित होने की शिकायतें मिल रही थीं। शुक्रवार को सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया तो डॉ रामया सक्सेना अस्पताल से बिना बताए अनुपस्थित मिले। जबकि अभी भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग का विशेष मिशन एनसीडी कार्यक्रम चल रहा है और डॉक्टर का इस तरह बिना बताए अस्पताल से गायब होना गंभीर लापरवाही दर्शाता है। डॉ रामया सक्सेना को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिसमें तीन के अंदर सिविल अस्पताल सांची में स्वयं उपस्थित होकर गंभीर लापरवाही करने पर जवाब देना है। सीबीएमओ डॉ रवि प्रकाश राठौर ने कहा कि अभी स्वास्थ्य विभाग का एकृत मिशन एनसीडी कार्यक्रम का विशेष अभियान तीन तक चल रहा है। जिसमें बीपी, शुगर के मरीज चेकअप कराने आते हैं और इनके द्वारा अभी तक कोई भी मरीज की एंट्री नही की गई है। ऐसे समय में अस्पताल से बिना बताए अनुपस्थित होना गंभीर लापरवाही दर्शाता है। उन्होंने बताया कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल अधिकारी डॉ रामया सक्सेना ने बताया कि उनको बुखार आ गया है इसलिए वो अस्पताल नही गए थे।

### दो स्कूल वाहनों की हुई की टक्कर, तीन घायल

**बरेली।** नगर के दो प्रायवेट ख्याति प्राप्त स्कूलों के वाहन आमने-सामने टकराने से 3 बच्चों के सिर में चोट आने, एक गंभीर घायल को भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल के वेन चालक फरियादी राम सिंह राजपूत ने रिर्पोट दर्ज कराई कि सुबह 8 बजे दिमाडा-अकोला मार्ग पर ग्राम ढीमरढाना के पास गुरूकुल स्कूल की विंगर क्रमांक एमपी 04 बीसी 2987 ने मेरी स्कूल की वेन एमपी 04 जेड 5302 को सामने से टक्कर मार दी। फरियादी राम सिंह राजपूत के अनुसार वेन में सवार यथार्थ ठाकुर 10 वर्ष, धनवीर ठाकुर 10 वर्ष, शुभ ठाकुर 10 वर्ष के सिर में चोट गई। ग्रामीणों की मदद से छात्रों को सिविल अस्पताल लाया गया। शुभ ठाकुर के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है। पुलिस द्वारा दो स्कूल वाहनों की टक्कर पर एक्सीडेंट का प्रकरण दर्ज कर जांच कार्यवाही की जा रही है।

## 100 से अधिक प्रतिमाओं के मिले प्री-ऑर्डर, झांकी समितियां पांडालों को सजाने में लगी

# बप्पा की प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे मूर्तिकार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं को दिन रात अंतिम आकार देने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। दरअसल 27 अगस्त बुधवार को श्री गणेश चतुर्थी को स्थापना होने से खरीदार इन प्रतिमाओं को लेने पहुंचने लगेंगे। नगर में आधा दर्जन स्थानों गंजबाजार, पाटनदेव, अर्जुन नगर, दशहरा मैदान रोड़, श्रीरामलीला मैदान पर मूर्तिकार लखन चक्रवर्ती, विशाल चक्रवर्ती, सुनील महोबिया, दौलत चक्रवर्ती, रवि चक्रवर्ती विभिन्न मुद्राओं में लंबोदर की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं।

इस बार बड़ी प्रतिमाएं आर्डर पर और मांग के आधार पर करीब 100 के आसपास ही बनाई जा रही हैं। जबकि छोटी प्रतिमाएं एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर प्रजापति समाज के मूर्तिकार अपने आवासों पर ही तैयार कर रहे हैं।

मूर्तिकार विशाल चक्रवर्ती ने बताया कि हमारे यहां 12 से 15 फ़ीट ऊंची गणेश प्रतिमाओं के ऑर्डर बुक हैं। उनके यहां श्रीराम दरबार के साथ गिरजा नंदन गणेश, भगवान शंकर सूर्यदेवता के साथ लंबोदर वीणा वादन करते हुए गणेश की मूर्ति आकर्षण का केंद्र है।



दस दिवसीय गणेश उत्सव के पर्व के दौरान ज्यादातर श्रद्धालु अपने घरों में छोटी प्रतिमाएं ही स्थापित करते हैं। इससे उनकी मांग और बिक्री अधिक रहती है। जबकि बड़ी प्रतिमाएं सिर्फ आर्डर पर तैयार होती हैं। नगर में श्री गणेश पर्व पर सार्वजनिक पंडाल सजाकर झांकी समितियों द्वारा श्रीगणेश जी की स्थापना की जाती है।

### घरों व पांडाल में विराजित होगी श्रीगणेश प्रतिमाएं

*पंडित राममोहन चतुर्वेदी मुकेश भार्गव संतोष शास्त्री ने बताया नगर में जहां पंडाल लगाए भी जाते हैं, वो परंपरा का निर्वाहन करने प्रतीकात्मक ही होते हैं। कहीं कहीं प्रतिष्ठानों और घरों में भी बड़ी प्रतिमाएं स्थापित की जाती हैं। दरअसल बड़ी प्रतिमाओं की स्थापना विधि विधान से होती है। पूजन भी विधान अनुसार होती है। इससे घरों में छोटी चल प्रतिमाएं श्रद्धालु स्थापित करते हैं। इससे छोटी प्रतिमाओं की ज्यादा बिक्री और मांग होती है।*

### मुहूर्त में पूजन का महत्व

*पंडित उपेंद्र शुक्ला के अनुसार श्री गणेश मूलाधार शक्ति हैं। शरीर में रीढ़ की हड्डी में मूलाधार चक्र होता है। मूलाधार चक्र ठीक नहीं होगा तो कोई कार्य ठीक नहीं होगा। इसलिए प्रत्येक धार्मिक कार्य श्री गणेश पूजन के साथ किया जाता है। इसी के साथ गणपति की लंबी सूंड में उच्चाटन होती है।*

## जिला अस्पताल से पाटनदेव तक मुख्य सड़क के दोनों साइड वाहनों की लगी रहती कतार

## 50 हजार आबादी वाले शहर में सिर्फ एक ही वाहन पार्किंग स्थल

# शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों बेपटरी हो गई है। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए यातायात पुलिस बार-बार सुझाव दे रही है, लेकिन प्रशासन की निष्क्रियता के कारण उनका पालन और क्रियांवयन नहीं हो पा रहा। जब तक नगर पालिका और राजस्व विभाग संयुक्त प्रयास नहीं करेंगे, तब तक शहर को ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था से राहत नहीं मिल सकती। जनता की अपेक्षा है कि सुझावों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्य शुरू किया जाए।

ज्ञात हो कि शहर में अतिक्रमण हटाना, पार्किंग जोन विकसित करना और फुटपाथी दुकानदारों को हॉकर्स जोन में शिफ्ट करना, ये सारे कार्य नगर पालिका और राजस्व विभाग के अंतर्गत आते हैं। लेकिन दोनों विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण प्रस्तावों पर अमल नहीं हो पा रहा है।

### प्रशासनिक सुस्ती बनी बाधा

यातायात पुलिस का कहना है कि वे केवल सुझाव और योजना दे सकते हैं, लेकिन कार्रवाई का जिम्मा जिला प्रशासन का है। यातायात थाना प्रभारी लता मालवीय ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था सुधारना जरूरी है। बैठक में कई अहम मुद्दे रखे हैं। अब सहयोग की उम्मीद है।

### शहर में भारी वाहनों पर नहीं लग पा रही रोक, सड़के हो रहीं जर्जर

शहर की सड़कों पर भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे करोड़ों की लागत से बनी सड़कें समय से पहले ही जर्जर हो रही हैं। ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहनों की बेधड़क आवाजाही न केवल यातायात व्यवस्था को चरमराने पर मजबूर कर रही है। बल्कि सड़क हादसों और वाहनों के कारण जाम की समस्या को भी गंभीर बना रही है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि शहर के बाहर ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की योजना बनाई जाए तो जाम की स्थिति पर काफी हद तक रोक लग सकती है। लंबे अरसे से यह मांग केवल कागजों में सिमटी हुई है।

### बिडंबना : दफ्तरों में बनते हैं सड़क सुरक्षा के प्लान, फाइलों में हो जाते हैं दफन



### सड़कों पर अवैध पार्किंग का कब्जा, लोग हो रहे परेशान

*शहर में दिन-व-दिन बढ़ते ट्रैफिक, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और बाजारों में फुटपाथ पर ठेलों की भरमार के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हर दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की गंभीर समस्या को लेकर लगभग 5 माह पहले आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात पुलिस ने शहर के हालात सुधारने को लेकर छह से अधिक महत्वपूर्ण सुझाव पेश किए। लेकिन बैठक के बीत जाने के बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।*

*हम आपको यह बता दें कि यह पहला मौका नहीं है, जब बैठक में रायसेन सिटी की बेलगाम यातायात व्यवस्था को सुधारने के मुद्दे पर चर्चा ना हुई हो। लगभग 5 महीने पहले हुई कलेक्ट्रेट की बैठक के सुझाव से फाइल से बाहर नहीं आ सके। कुल मिलाकर बैठक में दिए महत्वपूर्ण सुझाव और कागजों खानापूर्ति तक सीमित है।*

### सड़क किनारे खड़े रहते ट्रक



बता दें कि वर्तमान में रायसेन शहर के भीतर ही एक दर्जन से ज्यादा अघोषित ट्रांसपोर्ट पॉइंट्स संचालित हो रहे हैं। मुखर्जी नगर सिंधी धर्मशाला के पीछे के सामने, केंद्रीय विद्यालय के पास, गल्ला मंडी और सागर भोपाल तिराहे कोतवाली के सामने जैसे स्थानों पर रोजाना दर्जनों भर ट्रक खड़े रहते हैं, जिससे जाम और ट्रैफिक अव्यवस्था आम हो चुकी है। वहीं, शहर में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक भारी वाहनों की आवागमन पर रोक लगी रहती है। लेकिन फिर भी प्रतिबंधित समय में भी लोडिंग वाहन बेधक प्रवेश करते रहते हैं।

### घंटों हाइवे किनारे खड़े रहते वाहन

शहर से कोई से नेशनल हाईवे किनारे रहते हैं, जिस शहर की यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है। यातायात कर्मी भी उन्हें हटाने के आदेश नहीं देते, बल्कि ट्रैफिक जवान ट्राफिक पॉइंट से अक्सर गायब रहते हैं। यह वाहन मालिक या सब्जी फल विक्रेताओं की दुकानों या अन्य दुकानों पर खरीदी करने चले जाते हैं। इनकों जाम को लेकर कोई परवाह भी नहीं रहती।

### सड़क किनारे नहीं वाहन पार्किंग

नगर की तीनों सड़कों के किनारे कहीं भी वाहन पार्किंग पॉइंट नहीं बनाया है। इस वजह से सड़क किनारे दोनों तरफ कई दो पहिया वाहन लावारिस खड़े रहते हैं, जिससे बार-बार जाम की स्थिति बनती है। कमोवेश यह स्थिति तहसील कार्यालय के सामने नगर पालिका के सामने सागर भोपाल तिराहे गंज बाजार आदि जगहों पर बनी रहती है।

### जिला अस्पताल परिसर में लगा रहता है दो पहिया वाहनों का मेला

जिला अस्पताल परिसर में वाहन पार्किंग का ठेका दिया है, लेकिन ठेकेदार के कर्मचारी दो पहिया वाहनों और चार पहिया वाहनों को व्यवस्थित तरीके से खड़े नहीं करवाते। इसीलिए दो पहिया वाहन मनचाहे जगह खड़े रहते हैं, जिससे मरीज व उनके अटेंडरों को आवागमन में परेशानी होती है।

#### इनका कहना है

समय-समय पर हम यातायात व्यवस्था संभालने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित करते हैं। लापरवाह वाहन मालिकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कराई जाती है।
**- कमलेश कुमार खरपुसे,** एएसपी रायसेन।

# स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही : जच्चा-बच्चा की हुई मौत

## ◆ मृतिका के पति ने लगाया आरोप, कहा- पत्नी का नहीं बनाया भर्ती वाला पर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दीवानगंज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दीवानगंज की लापरवाही के चलते जच्चा बच्चा की मौत का मामला सामने आया है। मृतिका के पति ने आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पतताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण उसकी पत्नी की भर्ती पर्चा नहीं बनाया, जबकि बच्चे का पर्चा बना दिया था। प्रसूता की डिलेवरी नॉर्मल हुई थी, लेकिन बच्ची कम महीने की होने से उसे सुल्तानिया अस्पताल भोपाल रेफर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि बालमपुर निवासी दिनेश अहिरवार अपनी पत्नी 30 वर्षीय निशा को बुधवार को डिलेवरी के लिए दीवानगंज




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। बुधवार रात करीब 9 बजे महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन बच्ची कम महीने की होने से अस्पताल से जच्चा और बच्चा को एंबुलेंस से सुल्तानिया अस्पताल भोपाल रेफर किया, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने लापरवाही बरतते हुए बच्ची के भर्ती का पर्चा तो बना दिया, परन्तु महिला को भर्ती करने का पर्चा नहीं बनाया। जिससे महिला को भर्ती नहीं किया, जबकि बच्चा को भर्ती कर लिया। जिसके बाद महिला अपने घर आ गई, जहां 48 घंटे बाद उसकी मौत हो गई।

मृतिका के पति दिनेश ने बताया कि मेरी पत्नी की दीवानगंज अस्पताल में नॉर्मल हुई थी, लेकिन बच्ची कम महीने होने के कारण एंबुलेंस से दोनों को अस्पताल भेज दिया था। दीवानगंज अस्पताल से मुझे जो पर्चे दिए गए वह मैंने सुल्तानिया अस्पताल में दिए तो उसमें बच्ची को भर्ती करने का पर्चा था, लेकिन पत्नी को भर्ती करने का पर्चा नहीं था जिस कारण मेरी पत्नी को भर्ती नहीं किया गया। 3 घंटे तक अस्पताल के दरवाजे पर पत्नी को लेकर बैठा रहा, लेकिन पत्नी को भर्ती नहीं किया। थोड़ी देर पश्चात नवजात बच्ची की मौत हो गई। जिसके बाद मैंने सोचा कि पत्नी को सुबह दीवानगंज अस्पताल में भर्ती कर दूंगा, लेकिन पत्नी निशा की उससे पहले ही मौत हो गई।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा जच्चा-बच्चा की मौत का मामला संज्ञान में आया है। अगर जच्चा-बच्चा को रेफर करने में कोई चूक हुई है तो जांच की जाएगी। नॉर्मल डिलीवरी के पश्चात भी 48 घंटे से 72 घंटे तक जच्चा बच्चा को अस्पताल में रखने का प्रावधान है।
**- रवि राठौर,** बीएमओ सांची।

# बाढ़ व अतिवृष्टि प्रभावित ढाई सौ लोगों को मुआवजा, प्रक्रिया जारी

## 53 लोगों को एक लाख 7 हजार की राशि जारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरेली।

जुलाई के महिने में नर्मदा क्षेत्र और नगर में बारिश से नदी नालों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। घोघरा नदी का पानी नगर के निचले हिस्सों में भर जाने से मकान पानी में डूबे, क्षतिग्रस्त हुए। अतिवृष्टि और बाढ़ के बने हालात के बीच नाव में सवार होकर क्षेत्र के विधायक और राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने प्रभावितों को मुआवजा मदद दिए जाने का भरोसा दिया था।

जुलाई में बाढ़ अतिवृष्टि और नगर के निचले हिस्सों में नदी का पानी भरने से 250 से अधिक लोग प्रभावित हुए। दर्जनों परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया था। पानी भरने से अनेक मकान क्षतिग्रस्त हुए कस्बा पटवारी अमित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभावित परिवारों का सर्वे कर प्रतिवेदन तहसीलदार कार्यालय में सौंप दिया है।

### 53 लोगों को जारी राशि

राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के निर्देश पर हुए सर्वे के बाद प्रभावितों को मुआवजा सहायता राशि देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तहसीलदार रामजी लाल वर्मा द्वारा 174 लोगो को वन क्लिक से एक साथ राशि जारी की। 53 लोगो के मुआवजे के लिए 53 लोगो को एक लाख 7 हजार की राशि बुधवार को जारी की गई। शेष लोगो को भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने लिए अहम फैसले

### सड़क हादसों को लेकर कलेक्टर ने एनएचएआई के अधिकारियों को लगाई जमकर फटकार, कहा-

# एनएच पर बैठने और घूमने वाले मवेशियों को गोशालाओं में छुड़वाने के करें समुचित प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायसेन

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। जिसमें कलेक्टर श्री विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज कुमार पांडे द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने, ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित सड़क मार्ग पर सुरक्षा उपाय करने तथा यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूकता लाने के लिए गतिविधियों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सड़कों पर निराश्रित गौवंश के बैठने के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने ठोस कदम नहीं उठाने पर एनएच के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर घूमने या बैठने वाले गौवंश को नजदीकी गौशालाओं में छुड़वाने के समुचित प्रबंध करें और इसकी मॉनीटरिंग भी की जाए। इसी प्रकार एमपीआरडीसी के अधिकारी को भी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सड़कों पर गायों के बैठने से होने वाली दुर्घटनाओं की गंभीरता को समझें और इसको रोकने के लिए आवश्यक काम करें।

बैठक में कलेक्टर-एसपी ने ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित किए गए अधिक दुर्घटना वाले स्थलों तथा दुर्घटना संभावित स्थलों यथा ग्राम पठारी के समीप मुख्य मार्ग पर स्थित पुलिया, लाम्बाखेड़ा-सलामतपुर मार्ग सहित अन्य ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने चिन्हित स्थलों पर कैट आई लगाने, चेतावनी बोर्ड लगाने, मार्किंग आदि किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

एनएच तथा एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने कहा कि कैट आई तथा चेतावनी बोर्ड लगाने का कार्य आगामी 10 दिवस में तथा 15 दिवस के उपरांत मार्किंग आदि कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

बैठक में सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल, एएसपी कमलेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### यातायात के नियमों से लोगों को करें जागरूक

बैठक में हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकार योजना-2022 के प्रकरणों में कार्यवाही कर पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा राशि उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। बैठक में नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने के लिए प्रेरित करने संबंधी गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की गई।



### गोवंश की सुरक्षा के लिए विधायक ने मंडीदीप से बाड़ी तक किया भ्रमण

**रायसेन।** सड़कों पर गौवंश की दुर्घटना की रोकथाम के लिए जनजागरूकता के लिए भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा द्वारा शुक्रवार को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग मंडीदीप से बाड़ी तक जनप्रतिनिधियों एवं सरकारी अमले के साथ जनजागरण यात्रा और भ्रमण किया गया। विधायक श्री पटवा ने यात्रा सह भ्रमण के दौरान 20 से अधिक स्थलों पर नागरिकों को संबोधित कर गौवंश की सुरक्षा हेतु सड़क मार्ग पर बैठने वाले गौवंश को नजदीकी गौशालाओं में छोड़ने के संबंध में संबोधित किया तथा गौ सुरक्षा की शपथ भी दिलाई।



द्वितीय पुण्यतिथि

छाया मिली है हरदम आपकी,
सिर पर हाथ है। जीवन के हर मोड़ पर,
आपका आशीर्वाद है।

आपकी द्वितीय पुण्यतिथि
भावभीनी श्रद्धांजलि शत्-शत् नमन...!



स्व. श्री महेश श्रीवास्तव जी
वरिष्ठ समाजसेवी, रायसेन
प्रभुमिलन दिनाँक 23/08/2023

-: श्रद्धावनत् :-
श्रीमती सुधा श्रीवास्तव (पत्नी)
श्रीमती सुशीला देवी श्रीवास्तव (भाभी)
श्रीमती कृष्ण - श्री रमेश श्रीवास्तव (भाभी-भैया)
श्री दीपक श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव,
अनिल श्रीवास्तव (अन्नू भैया), रूपेश श्रीवास्तव (भतीजे)